आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप – विजेता, आयोजन वर्ष व स्थल

samanyagyan.com/hindi/gk-icc-womens-t20-world-cup

आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेताओ की सूची: (ICC Womens Twenty-20 World Cup Winners List in Hindi)

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप है, जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा आमतौर पर हर दो साल में किया जाता है। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण साल 2009 में खेला गया था, जिसका आयोजन इंग्लैंड में हुआ था। इंग्लैंड की टीम ने न्यूजीलैंड की टीम को 6 विकेट से हराकर पहला आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का ख़िताब जीता था।

आईसीसी महिला विश्व ट्वेंटी-20 की संक्षिप्त जानकारी (Quick Info about ICC Womens T20 World Cup):

प्रबंधक	अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी)
प्रारूप	टी-20
स्थापना	2009
अंतिम संस्करण	2018 (वेस्टइंडीज)
वर्तमान विजेता टीम	ऑस्ट्रेलिया (4 बार)

2018 आईसीसी महिला विश्व टी20 विश्व कप:

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2018 का आयोजन 09 से 24 नवंबर 2018 तक वेस्टइंडीज में किया गया था। इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया था। आईसीसी वुमेनस टी20 विश्व कप 2018 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट जुलाई 2018 में नीदरलैंड में आयोजित किया गया था। बांग्लादेश और आयरलैंड दोनों ने क्वालीफायर में अपने संबंधित सेमीफाइनल मैच जीतकर महिला विश्व ट्वेंटी -20 टूर्नामेंट में अपना स्थान पक्का किया था। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को फाइनल में 8 विकेट से हराकर महिला टी-20 विश्व कप 2018 का खिताब जीत लिया है। 24 नवंबर 2018 को सर विव रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इंग्लैंड को 8 विकेट हराकर महिला टी-20 विश्व कप 2018 का खिताब जीता था। आपकी जानकारी के लिए बता दे कि 2018 टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम इंडिया को इंग्लैंड के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इंग्लैंड ने यह मुकाबला 8 विकेट से अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया था।

महिला टी-20 विश्व कप से संबन्धित महत्वपूर्ण तथ्य:

- ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम इस प्रतियोगिता की सबसे सफल टीम है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 4 बार महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2010, 2012, 2014 और 2018 में यह खिताब अपने नाम किया है।
- ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी मेग लैनिंग के नाम एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 257 रन बनाने का रिकॉर्ड है।

- इंग्लैंड की खिलाड़ी अन्या श्रुब्सोले (Anya Shrubsole) के नाम एक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 13 विकेट लेने का रिकॉर्ड है।
- वेस्टइंडीज ने साल 2018 में दूसरी बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी, इससे पहले साल 2010 में भी वेस्टइंडीज द्वारा आईसीसी महिला टी20 विश्व कप होस्ट किया गया था।
- ऑस्ट्रेलिया 2018 आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप की मौजूदा चैंपियन हैं।

इस पोस्ट के माध्यम से आप वर्ष 2009 से अब तक आयोजित हुए सभी आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप के विजेताओं के नाम, आयोजन वर्ष और स्थल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जानेंगे:-

आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेताओ की सूची:

वर्ष	विजेता	मेजबान देश
2009	इंग्लैंड	लंदन, इं□□□□□□ड
2010	ऑस्ट्रेलिया	ब्रिजटाउन, वेस्टइंडीज
2012	ऑस्ट्रेलिया	कोलम्बो, श्रीलंका
2014	ऑस्ट्रेलिया	ढ़ाका, बांग्लादेश
2016	वेस्ट इंडीज	कोलकाता, भारत
2018	ऑस्ट्रेलिया	नॉर्थ साउंड, वेस्टइंडीज
2020	–	ऑस्ट्रेलिया
2022	–	दक्षिण अफ्रीका